SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 24/08/2019

Q1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24-26 अगस्त को होने वाले 45वें जी-7 समिट में हिस्सा लेने फ्रांस के किस शहर की यात्रा पर गए है?

क. संतरे

ख. बियारेट्ज

ग. कोर्सिका

घ. ब्रिटनी

फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24-26 अगस्त को होने वाले 45वें जी-7 समिट में हिस्सा लेने फ्रांस के बियारेट्ज शहर गए है और वे

SarkariExam.Com

यूएई में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और बहरीन के प्रिंस शेख खलीफा बिन सलमान अल खलीफा से मिलेंगे.

Q2. फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में किस एकमात्र भारतीय एक्टर को स्थान मिला है?

क. सलमान खान

ख. आमिर खान

ग. अक्षय कुमार

घ. रनवीर कपूर

फोर्ब्स के द्वारा जारी की गयी सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में भारत के एकमात्र एक्टर अक्षय कुमार को (चौथा) स्थान मिला है उनकी इनकम 65 मिलियन डॉलर है. इस वर्ष उनकी फिल्म मिशन मंगल के 100 करोड़ क्लब में आ गयी है. इस लिस्ट में पहला स्थान ड्वेन जॉनसन को मिला है जिनकी इनकम 89.4 मिलियन डॉलर है.

Q3. ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न ने अमेरिका के बाद भारत के किस शहर में दुनिया का सबसे बाद ऑफिस खोला है?

क. दिल्ली

ख. मुंबई

ग. जयपुर

घ. हैदराबाद

SarkariExam.Com

अमेरिका का ई-कॉमर्स कंपनी अमेज़न ने हाल ही में अमेरिका के बाद भारत के हैदराबाद में दुनिया का सबसे बाद ऑफिस खोला है क्योंकि अमेज़न के लिए भारत एक महत्वपूर्ण बाजार और टैलेंट हब है. इस ऑफिस में लगभग 62,000 कर्मचारी काम करेंगे और कैंपस में कर्मचारियों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा.

Q4. सुप्रीम कोर्ट ने किसे डॉक्टरों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा की अनिवार्य शर्तों को लेकर एक समान नीति बनाए का निर्देश दिया है?

क. दिल्ली हाईकोर्ट

ख. निति आयोग

ग. केंद्र सरकार

घ. रेल मंत्रालय

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार को निर्देश दिया है की वे एक ऐसी नीति बनाए जिसके मुताबिक सरकारी कॉलेजों में कोर्स (मेडिकल) करने के बाद एक निर्धारित समय तक ग्रामीण इलाकों के सरकारी अस्पतालों में अपनी सेवाएं देना जरूरी हो.

Q5. एशिया पैसिफिक ग्रुप ने किस देश को वैश्विक मानकों को पूरा करने में विफलता होने पर “ब्लैकलिस्ट” में डाल दिया गया है?

क. जापान

ख. श्रीलंका

ग. मालदीव

SarkariExam.Com

घ. पकिस्तान

एशिया पैसिफिक ग्रुप ने हाल ही में वैश्विक मानकों को पूरा करने में विफलता के लिए पकिस्तान को "ब्लैकलिस्ट" में डाल दिया है. पाकिस्तान अभी तक एफएटीएफ की 'ग्रे' सूची में शामिल था.

Q6. भारत में होने वाले इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट मैचों का किसे लगातार दूसरी बार टाइटल स्पॉन्सर बनाया गया है?

क. हॉटस्टार

ख. विवो

ग. ओप्पो

घ. पेटीएम

बीसीसीआई ने हाल ही में भारत में होने वाले इंटरनेशनल और डोमेस्टिक क्रिकेट मैचों का पेटीएम को लगातार दूसरी बार टाइटल स्पॉन्सर बनाया गया है. वर्ष 2015 में भी पेटीएम ने ही टाइटल स्पॉन्सरशिप जीती थी और पेटीएम ने अब वर्ष 2023 तक के लिए राइट्स खरीद लिए हैं. पेटीएम अब आने वाले 4 साल में बीसीसीआई को 326.80 करोड़ रुपए देगा

Q7. टाटा समूह ने हाल ही में डिजिटल कारोबार को बढ़ाने के लिए ______ की शुरुआत की है?

क. टाटा मनी

ख. टाटा आईटी

SarkariExam.com

ग. टाटा डिजिटल

घ. टाटा बैंक

टाटा समूह ने हाल ही में डिजिटल कारोबार को बढ़ाने के लिए टाटा डिजिटल की शुरुआत की है. जिसका उद्देश्य डिजिटल कारोबार में भी अपना वर्चस्व बनाने का है साथ ही टाटा समूह ने टाटा डिजिटल में 1,000 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की है

Q8. निम्न में से किसने इनसाइडर ट्रेडिंग का खुलासा करने वालों को 1 करोड़ रुपए तक का इनाम देने का ऐलान किया है?

क. केंद्र सरकार

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. सेबी

घ. निति आयोग

सेबी ने हाल ही में इनसाइडर ट्रेडिंग का खुलासा करने वालों को 1 करोड़ रुपए तक का इनाम देने का ऐलान किया है और हॉटलाइन के जरिए पुख्ता सूचना देने वालों को रिवॉर्ड देने की घोषणा की है. लेकिन यह फ़ायदा सिर्फ इंडिविजुअल या कॉरपोरेट को ही मिलेगा.

SarkariExam.com

Q9. अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में किस देश को एफ-16' युद्धक विमान बेचे जाने की मंजूरी दे दी है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. जापान

ग. ताइवान

घ. अफ्रीका

अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने हाल ही में ताइवान को एफ-16' युद्धक विमान बेचे जाने की मंजूरी दे दी है. अब ताइवान को एफ-16सी/डी ब्लॉक 70' मिलेगा जिसकी कीमत आठ अरब अमेरिकी डॉलर का है. एफ-16 एक अमेरिकी मल्टी रोल लडाकू विमान है.

Q10. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की पहली हाईपरलूप सेवा (मुंबई-पुणे हाईपरलूप परियोजना) की आधारशिला इस वर्ष के किस महीने में रखेंगे?

क. सितम्बर

ख. अक्टूबर

ग. नवम्बर

घ. दिसम्बर

महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री कार्यालय के द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की पहली हाईपरलूप सेवा (मुंबई-पुणे हाईपरलूप परियोजना) की आधारशिला सितम्बर 2019 में रखेंगे. यह हाईपरलूप मुंबई से पुणे की यात्रा सिर्फ 35 मिनट में पूरी करेगी.

SarkariExam.Com

Q11. टाइम पत्रिका के द्वारा जारी दुनिया के 100 महानतम स्थानों की सूची में इनमे से किस भारतीय धरोहर को स्थान मिला है?

क. लाल किला

ख. पुराना किला

ग. स्टैच्यू ऑफ यूनिटी

घ. जामा मस्जिद

टाइम पत्रिका के द्वारा जारी दुनिया के 100 महानतम स्थानों की सूची में भारत के गुजरात की 597 फुट ऊंची 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' और मुंबई के सोहो हाउस को स्थान मिला है. यह सूची 100 नए और नए गौर करने लायक गंतव्य स्थानों का संकलन है.

Q12. निम्न में से किसने संसद भवन परिसर में फिर से काम में नहीं आने वाली प्लास्टिक बोतलों और प्लास्टिक के अन्य सामान के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है?

क. केंद्र सरकार

ख. सुप्रीमकोर्ट

ग. लोकसभा सचिवालय

घ. राज्यसभा

लोकसभा सचिवालय ने हाल ही में संसद भवन परिसर में फिर से काम में नहीं आने वाली प्लास्टिक बोतलों और प्लास्टिक के अन्य सामान के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है. लोकसभा सचिवालय ने यह कदम भारत को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र से किए गए आह्वान की दिशा उठाया है.

SarkariExam.Com

Q13. स्पोर्ट्स बिजनेस कंपनी स्पोर्ट्स प्रो के द्वारा जारी की गयी दुनिया के सबसे कीमती एथलीट्स की सूची में किसे पहला स्थान मिला है?

क. नाओमी ओसाका

ख. रहीम स्टर्लिंग

ग. जायन विलियम्सन

घ. विराट कोहली

स्पोर्ट्स बिजनेस कंपनी स्पोर्ट्स प्रो के द्वारा जारी की गयी दुनिया के सबसे कीमती एथलीट्स की सूची वर्ल्ड की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका को स्थान मिला है. इस सूची में फुटबॉलर रहीम स्टर्लिंग को दूसरा और अमेरिकी बास्केटबॉल खिलाड़ी जायन विलियम्सन को तीसरा स्थान मिला है.

Q14. किस राज्य सरकार ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अब सरकारी सेवा और पीएसयू में महिला ड्राइवरों को नियुक्त करने की घोषणा की है?

क. दिल्ली सरकार

ख. मुंबई सरकार

ग. गुजरात सरकार

घ. केरल सरकार

केरल सरकार ने हाल ही में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए अब सरकारी सेवा और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों (पीएसयू) में महिला ड्राइवरों को नियुक्त करने की घोषणा की है साथ ही इस फैसले को लेकर लेकर सेवा नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे

SarkariExam.Com

Q15. समुद्री ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा की श्रेणी में लाने के प्रस्ताव को हाल ही में किसने मंजूरी दे दी है?

क. निति आयोग

ख. योजना आयोग

ग. केंद्रीय विद्युत मंत्री

घ. रामनाथ कोविंद

समुद्री ऊर्जा को अक्षय ऊर्जा की श्रेणी में लाने के प्रस्ताव को हाल ही में केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह ने दे दी है. इस प्रस्ताव के बाद देश में समुद्री ऊर्जा के उपयोग को गति मिलेगी और यह गैर-सौर अक्षय ऊर्जा खरीद बाध्यता (आरपीओ) के तहत आएगा.

Q16. भारत और किस देश के बीच हाल ही में खाद्य सुरक्षा और मानकों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए है?

क. भूटान

ख. जापान

ग. नेपाल

घ. ऑस्ट्रेलिया

भारत और नेपाल के बीच हाल ही में खाद्य सुरक्षा और मानकों पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए है इस समझोते पर नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हस्ताक्षर किये. इस समझोते के

SarkariExam.com

मुतबिक डीएफटीक्यूसी और एफएसएसएआई के बीच खाद्य सुरक्षा और मानकों पर आदान-प्रदान किया गया.

Q17. फ्रांस के दौरे पर किसने ऐलान किया है की फ्रांस अगले महीने तक भारत को 36 राफेल लड़ाकू विमानों में से पहला विमान देगा?

क. रामनाथ कोविंद

ख. नरेन्द्र मोदी

ग. लाल कृष्ण आडवाणी

घ. निति गडकरी

फ्रांस के दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त बातचीत के दौरान ऐलान किया है की फ्रांस अगले महीने तक भारत को 36 राफेल लड़ाकू विमानों में से पहला विमान देगा.

Q18. टाटा समूह ने इनमे से किसे नए निकाय टाटा डिजिटल का मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया है?

क. प्रतीक पाल

ख. संजय पाल

ग. विजय वर्मा

घ. संदीप त्रिपाठी

टाटा समूह ने हाल ही में टाटा डिजिटल की शुरुआत करते हुए टीसीएस के वरिष्ठ अधिकारी प्रतीक पाल को टाटा डिजिटल का मुख्य कार्यकारी नियुक्त किया है.

SarkariExam.Com

प्रतीक पाल इससे पहले टाटा समूह के यात्रा, परिवहन, खुदरा, हॉस्पिटलिटी और पैकेज्ड उपभोक्ता वस्तु निकाय में प्रमुख जिम्मेदारी निभा चुके हैं.

Q19. भारतीय महिला हाकी टीम ने किस टीम को हराकर ओलंपिक टेस्ट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है?

क. ऑस्ट्रेलिया महिला हाकी टीम

ख. पकिस्तान महिला हाकी टीम

ग. जापान महिला हाकी टीम

घ. अफ्रीका महिला हाकी टीम

भारतीय महिला हाकी टीम ने जापान महिला हाकी टीम को फाइनल मुकाबले में 2-1 से हराकर ओलंपिक टेस्ट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया है. फाइनल मुकाबले में भारत की नवजोत कौर ने 11वें और लालरेमसियामी ने 33वें मिनट में गोल किया था.

Q20. न्यूजीलैंड के पूर्व कोच माइक हेसन को डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया के साइमन कैटिच को किस आईपीएल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है?

क. मुंबई इंडियन्स

ख. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

ग. कोलकाता नाईट राइडर्स

घ. चेन्नई सुपरकिंग्स

SarkariExam.Com

न्यूजीलैंड के पूर्व कोच माइक हेसन को डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया के साइमन कैटिच को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है. उन्हें मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और गेंदबाजी कोच आशीष नेहरा की जगह नियुक्त किया गया है.

SarkariExam.Com